# चुनाव से पहले अधिकारियों के ट्रांसफर, नए बने जिले पांढुर्ना और मैहर में SP की नियुक्ति

भोपाल। चुनाव से पहले राज्य सरकार ने 12 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। खंडवा SP सत्येंद्र कुमार शु ला को हटाकर वीरेंद्र कुमार सिंह को खंडवा का नया SP बनाया गया है। आगर मालवा के SP संतोष कोरी को हटाकर विनोद कुमार सिंह को जि मेदारी दी गई है।



चुनाव से पहले राज्य सरकार ने 12 आईपीएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। खंडवा और आगर मालवा के पुलिस अधीक्षक को हटा दिया गया है। वहीं, नए जिले मैहर के पहले एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल और पांढुर्ना का एसपी राजेश कुमार त्रिपाठी को बनाया गया है।

खंडवा SP सत्येंद्र कुमार शु ला को हटाकर वीरेंद्र कुमार सिंह को खंडवा का नया स्कबनाया गया है। आगर मालवा के SP संतोष कोरी को हटाकर विनोद कुमार सिंह को आगर मालवा जिले का नया स्क बनाया गया है। आर के हिंगणकर उप पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण रेंज बनाए गए हैं।कुमार सौरभ को उप पुलिस महानिरीक्षक चंबल रेंज मुरैना की जि मेदारी सौंपी गई है। सुनील कुमार जैन सागर रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक बनाए गए हैं। सविता सोहाने शहडोल रेंज की उप पुलिस महानिरीक्षक बनाई गई हैं। मनोज कुमार श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर (अपराध) राम शहर प्रजापति पुलिस उपायुक्त भोपाल बनाए गए हैं।

# सामाजिक सहयोग का उत्तम उदहारण महालक्ष्मी पूजन

## हर हाथ कला- कौशल, हर हाथ स्वरोजगार - यही है सत्य सनातन का आधार

**- दीपक विश्वकर्मा**

आज महालक्ष्मी पूजन है देश दुनिया के साथ साथ हमारे छोटे छोटे शहरों और कस्बों में भी हर्षोल्लास है, माताएं बहनें बेटियाँ सुबह से नदी, सरोवर स्नान करके व्रत उपवास और पूजन की तैयारियों में लग गई हैं. कहने को यह लक्ष्मी पूजन है परंतु इस दिन हाथियों की पूजा होती है। इसके पीछे है महाभारत काल की एक पौराणिक कथा भी मिलती है। उसके विषय में न जाते हुए मैं बस वह बात करूँगा जो आज भी धरातल पर दिखाई देती है.



आज सुबह - सुबह मोहल्ले की एक माताजी जो कि कु हार हैं यह मिट्टी का हाथी लेकर आई। लगभग प्रत्येक घर में हाथी पूजा का हाथी वही पहुँचातीं हैं।` योकि हमारे यहाँ गणराज उपलब्ध नहीं हो पाते अतएव हम सांकेतिक गणराज की पूजन करते हैं. जहां गणराज उपलब्ध होते हैं वहाँ उनकी पूजन की जाती है। उनका श्रृंगार किया जाता है ग्रास और भोजन दिया जाता है, महावत को भी उपहार, वस्त्रादि प्रदान किए जाते हैं। दरअसल यह हमारे पूर्वजों द्वारा प्रकृति और सभी जीवों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए किए गए जतनों का हिस्सा हैं। कभी किसी त्यौहार के माध्यम से कभी किसी मेले के माध्यम से कभी किसी व्रत अथवा पूजा के माध्यम से। तो सुबह गणराज की मिट्टी की प्रतिमा लेकर उक्त माताजी आई उन्हें खाली हाथ नहीं लौटाया जाता। न ही बाजारू पद्धति की तरह 10-20-50 रूपए देकर इतिश्री की जाती है। सर्वप्रथम इसके बदले उन्हें %सीधा% दिया जाता है. सीधाअर्थात कच्ची भोजन सामग्री जिसमें व्यक्ति इच्छा और सामर्थ्य अनुसार आटा, दाल, सब्जी, मिर्च - मसाले इत्यादि उन्हें प्रदान करते हैं। यानी कि आज भी हमारे पास दुनिया की सबसे पुरानी विनिमय प्रणाली सुचारू रूप से मिलती है, जिसे की वस्तु विनिमय कहा जाता है। संध्याकाल में सभी गृहणियां, माताएं और घर्र की बहु बेटियां गज प्रतिमा का पूजन करती हैं और पूजन उपरांत उनका जो भी श्रृंगार किया जाता है पकवानों से वह भी कु हार को ही दान किया जाता है। यह एक परंपरा है मिल - बांटकर खाने की.

**"सहना ववतु, सहनौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।"** वाली पंक्तियाँ इस तरह सार्थक होती हैं। हमारी यही पर पराएं सभी वर्गों का ध्यान रखती हैं. हमारे पुरखे एक बात कहते थे/हैं की ÷भूखे भजन न होय गोपाला÷ सो गोपाल ने इस सनातन में स मिलित हर वर्ग बिंदु के लिए भोजन राशन की व्यवस्था बनाई है। इन सनातनी प्रक्रमों से कु हारों को वर्षभर रोजगार मिलता है। अभी हाथी के निर्माण पश्चात, दुर्गा प्रतिमाएं उनको रोजगार देती हैं उसके पश्चात दीवाली की लक्ष्मी प्रतिमाएं और दीपकों का निर्माण उसके पश्चात बर्तन इत्यादि. गर्मियों में मटके, कुल्हड़ इत्यादि फिर लौटकर गणपति प्रतिमाएं. यानी वर्ष भर इन तीज त्यौहारों से उनकी रोजी रोटी होती है। इस तरह एक कु हार को हमारे तीज - त्यौहार वर्ष भर रोजगार प्रदान करते रहते हैं। इस तरह हम **"सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयन्" सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद दुखभाग भवेत।।"** की परंपरा को सार्थक करते हैं।

परंतु आज बढ़ता शहरीकरण इन अमूल्य परंपराओं की बली लेता जा रहा है।` योकि विकास अकेला नहीं आता न जाने कितने ही रिश्तों, नातों, परंपराओं,की बलि लेता है। फिर किसी दिन कुछ कुपढ़ ,कु-बुद्धिजीवी वैचारिक गरीब लोग हमे मानवता के प्रवचन देते हैं. कुछ लोग इन परंपराओं को अंधविश्वास से जोड़ देते हैं। सो मुझे उन ल पटों, धूर्तों, से बस यही कहना है कि, वो हर रीति-रिवाज, परंपरा हमारे लिए धर्म ही है जो लाखों करोड़ लोगों को 2 समय की रोजी रोटी दिला सके. उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध करा सके, उन्हें स मानजनक जीवन स्तर दे सके। दुनिया में इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है और यही सनातन धर्म है।

# मु यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका, साड़ी, पानी की बॉटल का वितरण एवं छाते के लिए 200 रूपये की राशि की अंतरित

## डिंडौरी, मंडला, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर के 1 लाख 69 हजार 422 तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को 47 करोड़ 71 लाख रूपये की राशि अंतरित

*** 182 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास**
*** सिंगल ि लक से बैगा, भारिया एवं सहरिया वर्ग की बहनों को 27 करोड़ 60 लाख रूपए की पोषण आहार अनुदान भत्ते की राशि अंतरित**
**जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन रसोइयों का मानदेय 4 हजार रूपए होगा**
*** पेसा मोबिलाइजर का मानेदय 4 हजार रूपए से बढ़ाकर 6 हजार रूपए किया जाएगा**
*** मेहंदवानी कॉलेज का नाम राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के नाम पर होगा**

भोपाल। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि चरण पादुका योजना में चरण पादुका के साथ-साथ पीने के पानी की बॉटल, साड़ी एवं छाते के लिए 200 रूपए दिए जा रहे हैं। मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूँ, परिवार की चिंता करना मेरा धर्म है। सारे भाई-बहन मेरा परिवार हैं। भाई-बहन के पांव में कांटा न चुभे इसके लिए भाइयों को जूता एवं बहनों को चप्पल पांव में पहचाने का कार्य कर रहे हैं। जनता की जिंदगी बदलने के लिए कमी नहीं छोड़ी जाएगी। जनता की सहमति के बिना कोई बांध नहीं बनेगा, किसी की जमीन जाने नहीं दी जाएगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने डिंडोरी जिले में 182 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर के एक लाख 69 हजार 422 संग्राहक परिवारों को 47 करोड़ 71 लाख रूपये के तेंदूपत्ता बोनस का वितरण किया। आहार अनुदान योजनांतर्गत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति वर्ग की एक लाख 84 हजार से अधिक महिलाओं को 27 करोड़ 60 लाख रूपये के अनुदान भत्ते की राशि सिंगल से अंतरित की। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, वन मंत्री कुंवर विजय शाह, पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश धुर्वे तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा के पूर्व जनदर्शन किया। जनदर्शन में बड़ी सं या में लोगों ने शामिल होकर मु यमंत्री श्री चौहान का अभिवादन किया।

**भाई का फर्ज है बहनों के दुख-तकलीफ दूर करें**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों की आंखों में आंसू और जीवन में तकलीफ न हो इसके लिए हमने मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई है। मैं मु यमंत्री नहीं बहनों का भाई हूँ। भाई का फर्ज है बहन की दुख-तकलीफ दूर करें। मेरे मन में एक बात आई कि साल में एक बार बहनों को पैसा देने से काम नहीं चलेगा, इसलिए हमने मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हर माह पैसा डालने का निर्णय लिया है। मैं एक करोड़ 32 लाख बहनों का लाड़ला भाई हूँ। अभी एक हजार रूपए से बढ़ाकर 1250 रूपए कर दिए हैं, आगे बढ़ा-बढ़ाकर 3 हजार रूपए तक किये जायेंगे। बहनों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पैसों के लिये परेशान नहीं होने दूंगा। पैसा मिलने से बहनों का घर-परिवार में मान-स मान बढ़ा है। मैंने पैसा नहीं आपका हक और स मान दिया है।

**मकान बनाने के लिए मिलेगी राशि**

प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे हुए भाई-बहनों को मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में मकान बनाने के लिए पैसा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी किसान स मान निधि के 6 हजार रूपये दे रहे हैं, इतनी ही राशि राज्य सरकार की ओर से दी जा रही है। इस तरह साल में 12 हजार रूपये किसानों को मिल रहे हैं। परिवार की सरकार का मतलब परिवार के किसी सदस्य को खाने-पीने की दिक्कत न हो। प्रधानमंत्री निन्शुल्क राशन दे रहे हैं। बीमार होने पर आयुष्मान कार्ड से इलाज हो रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ कॉलेज की फीस मामा भरवा रहा है। बच्चों को 5वी और 8वीं पास करके दूसरे गांव जाने पर साइकिल दी जा रही है। सीएम राइज स्कूल बनाये जा रहे हैं। बारहवीं के विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत अंक लाने पर लैपटाप दिये जा रहे हैं। अपने स्कूल में टॉप करने वाले तीन-तीन छात्र-छात्राओं को स्कूटी देने की पहल की गई है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पोषण आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को योजना में बढ़ी हुई स्वीकृत राशि 1500 रूपये का भुगतान किया जा रहा है। जनता की जिन्दगी बदलने का अभियान चल रहा है। मु यमंत्री श्री चौहान ने मु यमंत्री चरण पादुका योजना में- रमा बाई को चप्पल और श्री भद्दू लाल को जूते पहनाये। उन्होंने सिया बाई और गणेश को तेंदूपत्ता बोनस की राशि का चेक भी प्रदान किया।

**जनजातीय पुरस्कार**

मु यमंत्री श्री चौहान ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों को स मानित किया। श्रीमती स पतिया उईके को रानी दुर्गावती स मान, श्री बुधपाल सिंह ठाकुर को वीर शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह स मान, डॉ. तापस चकमा को ठक्कर बाप्पा स मान, श्री राजाराम कटारा को जननायक टंट्या भील स मान, स्व. श्री राजाराम वास्कले (मरणोपरांत) को बादल भोई स मान तथा श्रीमती सीमा अलावा को जनगण श्याम स मान प्रदान किया। वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रदेश में गरीब कल्याण की योजनाओं को आगे ले जाने का कार्य चल रहा है। किसान, मजदूर, आदिवासी भाई-बहनों को वन विभाग की ओर से विभिन्न लाभ दिये जा रहे हैं। महुए की उपज का अच्छा दाम दिलवाया है।

# भोपाल के गुफा मंदिर क्षेत्र में गुफा लोक विकसित किया जाएगा

**मु यमंत्री चौहान ने गुफा मंदिर में किया सभा को संबोधित**

भोपाल ।मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर पालिक निगम भोपाल और भोपाल विकास प्राधिकरण के 566 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का गुफा मंदिर परिसर लाल घाटी में भूमि-पूजन किया। इसके अंतर्गत गुफा मंदिर परिसर में 35 करोड़ की लागत से बनने वाले मानस भवन सहित मिसरोद-बर्रई-बगली सड़क, रक्षा विहार चरण-3, नगर विकास योजना, एयरोसिटी चरण-2 नगर विकास योजना, एयरोसिटी चरण-1 में 43 एमआईजी, 61 एलआईजी तथा 96 मल्टीयूनिट प्रकोष्ठें के निर्माण, सीएम राइज स्कूल परियोजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्रई और सरदार वल्लभ भाई पटेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करोंद के भवन निर्माण का भूमि-पूजन किया गया।

**मु यमंत्री चौहान ने गुफा मंदिर के महंत श्री रामप्रवेश शास्त्री जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गुफा मंदिर में मानस भवन का निर्माण तो होगा ही, इसके साथ ही गुफा लोक भी बनाया जायेगा। श्री चौहान ने गुफा लोक की योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुराने भोपाल में पार्किंग व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से मोती मस्जिद के पास स्थित शीश महल में पार्किंग बनाई जाएगी। इससे पुराने भोपाल के बाजारों के व्यापारियों एवं खरीददारों को सुविधा होगी और व्यापार व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा। मु यमंत्री श्री चौहान गुफा मंदिर में आयोजित भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित संतगण तथा बटुकों का पुष्प-वर्षा कर अभिवादन किया और गुफा मंदिर के महंत श्री रामप्रवेश शास्त्री जी महाराज को शाल-श्रीफल व तुलसी जी का पौधा भेंटकर कृतज्ञता ज्ञापित की व आशीर्वाद प्राप्त किया।

**हमारी सरकार विकास गतिविधियों के लिए पैसे की कमी नहीं आने देगी**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशवासियों का कल्याण और विकास गतिविधियां संचालित करने के साथ ही धर्म और संस्कृति के संरक्षण तथा प्रोत्साहन के लिए कार्य करना राज्य सरकार का दायित्व है। इस कर्तव्य पूर्ति के तहत ही महाकाल लोक, श्री रामराजा लोक, आदि गुरु शंकर्राचार्य प्रतिमा स्थापना जैसे पुनीत कार्य राज्य सरकार द्वारा संपादित किए गए हैं। भारतीय संस्कृति प्राणियों में सद्भाव और सभी के सुखी व निरोग रहने के विचार के विस्तार की संस्कृति है, हमारी सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। गुफा मंदिर में बनने वाला मानस भवन धर्म और संस्कृति के प्रसार तथा प्रोत्साहन में योगदान देगा। हमारी सरकार विकास गतिविधियों के लिए पैसे की कमी नहीं आने देगी।

कार्यक्रम में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री कृष्णमोहन सोनी, उपाध्यक्ष सर्वश्री सुनील पाण्डेय तथा अनिल अग्रवाल लिली, पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा तथा श्री सुमित पचौरी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि, संतगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गांधीसागर लोटिंग फेस्टिवल 27 अ टूबर से और 1 दिसंबर से होगा कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल

भोपाल । देश-प्रदेश के पर्यटकों के लिए आने वाले दो माह में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड दो नए मेगा फेस्टिवल्स का आयोजन कर रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शु ला ने बताया कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं विविध वन्यजीवन के उत्सव को मनाने के लिए 1 दिसंबर से पहली बार कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व 27 अे टूबर से गांधी सागर लोटिंग फेस्टिवल के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा। पर्यटन विभाग और वन विभाग द्वारा लल्लूजी एंड सन्स के सहयोग से आयोजित किये जा रहे फेस्टिवल्स में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, रोमांचक गतिविधियों का बेजोड़ अनुभव भी मिलेगा। लग्जरी ग्लेपिंग अनुभव प्रदान करने हेतु टेंट सिटी विकसित की गई है, साथ ही स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रचारित करने विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। इस अवसर पर मु य वन्यजीव वार्डन श्री असीम श्रीवास्तव ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के संदेश का प्रचार प्रसार इन फेस्टिवल्स के माध्यम से होगा। वन्यजीव संरक्षण का संदेश एक चेन रिऐ शन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करेगा। इन फेस्टिवल्स के माध्यम से लोग वन्यजीव को करीब से जानेंगे और प्रकृति के ईको सिस्टम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझेंगे।

**गांधी सागर लोटिंग फेस्टिवल**

मंदसौर के नज़दीक गांधी सागर के शांत बेकवॉटर पर गांधी सागर लोटिंग फेस्टिवल के दूसरे संस्करण का आयोजन 27 अे टूबर से होगा। गांधी सागर वन्यजीवन अ यारण्य के नज़दीक यह फेस्टिवल रोमांच, मनोरंजन और संस्कृति का बेहतरीन संगम होगा। रोमांचक गतिविधियों जैसे कायकिंग, जैट स्कीइंग, हॉट एयर बैलूनिंग, होर्स राइडिंग, एयर गन शूटिंग, स्पीड बोटिंग, पैरासेलिंग और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद उठा सकते हैं। जंगल सफारी के दौरान क्षेत्र की समृद्ध वन्यजीव देखने का मौका भी मिलेगा। पार परिक कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों को प्रचारित किया जाएगा। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट (टेंट सिटी) में पर्यटक सर्वसुविधायुक्त एवं ओल-वेदर टेंट्स में लग्जरी ग्लेपिंग का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

**कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल**

आगामी 1 दिसंबर से शुरू हो रहा कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल आपको एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगा। करीब 72 सालों के बाद भारत में फिर से चीतों के आगमन के बाद यह फेस्टिवल कूनो नेशनल पार्क के माध्यम से आपको जंगलों की खूबसूरती का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। मुगल काल से ताल्लुक रखने वाला श्योपुर किला, डोब कुण्ड, और प्राचीन गुफ़ाएं फिर से जीवंत कर देंगी। यहां आप गाइडेड सफारी के ज़रिए वन्य जीवन के बारे में जान सकेंगे, और क्षेत्र में मौजूद तेंदुए, हिरण, ब्लूबे स और प्रवासी पक्षी देख सकेंगे। कूनो फेस्टिवल सिर्फ एक रोमांच नहीं, बल्कि जीवन भर रहने वाला यादगार अनुभव होगा।

**टेंट सिटीज़- घर से दूर घर का आनंद**

कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल और गांधी सागर लोटिंग फेस्टिवल दोनों आपको एक नया अनुभव प्रदान करेंगे। प्रकृति के बीचों-बीच बनी लग्जरी टेंट सिटीज़ में आप मध्यप्रदेश के खूबसूरत प्राकृतिक नज़ारों के बीच आधुनिक एवं आरामदायक जीनवशैली का अनुभव पा सकेंगे।

# मोदी के मन में है एमपी, इसलिए नौ साल में 35 बार मध्यप्रदेश आ चुके प्रधानमंत्रीः विष्णुदत्त शर्मा

## प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-एमपी के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह बताती हैं 1,17,479.26 करोड़ की सौगातें

भोपाल। वर्ष 2003 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से मध्यप्रदेश ने विकास के रास्ते पर इतनी तेजी से कदम बढ़ाए हैं कि कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आने के बाद से तो मध्यप्रदेश विकास के रास्ते पर कुलाचें भरने लगा है। बात चाहे प्रदेश की जीडीपी की हो, या प्रति व्यक्ति आय की, या फिर देश की जीडीपी में योगदान की हो, हर मामले में मध्यप्रदेश अभूतपूर्व तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मध्यप्रदेश को न केवल उदारतापूर्वक संसाधन उपलब्ध करा रही है, बल्कि एक स्नेही पालक की तरह विकास के रास्ते पर प्रदेश को हाथ पकड़कर लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रदेश के विकास और यहां के लोगों की खुशहाली पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जितना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि 'मोदी के मन में है एमपी'। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री जी के हर दौरे को मध्यप्रदेश के लिए खुशखबरी बताते हुए कही।

**प्रधानमंत्री मोदी जी ने किए मध्यप्रदेश के सबसे ज्यादा दौरे**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्नेह का अंदाज इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वे मध्यप्रदेश की सरकार और जनता के किसी आग्रह को टालते नहीं हैं। वे अपने कार्यकाल में अब तक 35 बार मध्यप्रदेश आ चुके हैं। यह सं या पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहनसिंह से पांच गुना ज्यादा है। वहीं, प्रदेश की इतनी यात्राओं के साथ ही श्री नरेंद्र मोदी सर्वाधिक बार मध्यप्रदेश आने वाले प्रधानमंत्री भी बन गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस साल जनवरी से 5 अे टूबर 2023 तक के 10 महीनों में मध्यप्रदेश के 10 दौरे कर चुके हैं। वहीं, वर्ष 2018 के चुनावों से पहले, प्रधानमंत्री ने जनवरी 2018 से नवंबर 2018 तक 11 महीने में मध्यप्रदेश के 9 दौरे किए थे। नवंबर 2018 में चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद भी प्रधानमंत्री जी पांच रैलियों में शामिल हुए थे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हर दौरा मध्यप्रदेश के लिए खुशियों की सौगातें लेकर आता है और इसीलिए प्रदेश के नागरिक उनके आने का उत्साहपूर्वक इंतजार करते हैं।

**मध्यप्रदेश पर विकास रूपी स्नेह का खजाना खोला प्रधानमंत्री जी ने**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कोरोना संकट ने सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। एक तरफ दुनिया के अधिकांश देश जहां संभावित मंदी से घबराकर हाथ दबाकर खर्च कर रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री जी का देश के विकास के प्रति अनुराग कोरोना जैसा महासंकट झेलने के बाद भी कमजोर नहीं पड़ा। वे आज भी विकास के आकांक्षी हर राज्य की उतनी ही उदारतापूर्वक सहायता कर रहे हैं, जैसे कोरोना जैसा संकट कभी आया ही नहीं था। मध्यप्रदेश पर तो प्रधानमंत्री जी ने अपने स्नेह का खजाना ही उड़ेल दिया है। प्रधानमंत्री जी अब तक मध्यप्रदेश को 1,17,479.26 करोड़ की सौगातें मध्यप्रदेश को विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से दे चुके हैं। वहीं यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मध्यप्रदेश को कुल 14000 करोड़ रुपये ही दिये थे।

**प्रदेश की तस्वीर बदल रहीं मोदी सरकार की सौगातें**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को विभिन्न परियोजनाओं की सौगातें दी हैं। ये परियोजनाएं प्रदेश के सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास से लेकर औद्योगिक, आर्थिक, कृषि संबंधी और व्यापारिक विकास की कहानी लिख रही हैं। विभिन्न एयरपोर्ट के विस्तार, रेल मार्गों के उन्नयन और विकास, नई रेलों के परिचालन, प्रदेश से गुजरने वाले ऐ सप्रेस वे और फोरलेन मार्गों की बदौलत मध्यप्रदेश आज परिवहन के मामले में उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। अे टूबर 2014 में इंदौर में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में शामिल होने से लेकर 2 अे टूबर 2023 को ग्वालियर में 19000 करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण तथा 05 अे टूबर को जबलपुर में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं के भूमिपूजन और लोकार्पण से प्रधानमंत्री जी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी सरकार विकास के मामले में प्रदेश सरकार के साथ समन्वयपूर्वक काम करती रहेगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मध्यप्रदेश को सिंगाजी थर्मल पॉवर प्रोजे ट, शौर्य स्मारक, मोहनपुरा सिंचाई परियोजना, विभिन्न पेयजल परियोजनाएं, उज्जैन और इंदौर के बीच मेमू ट्रेन की शुरुआत, महाकाल लोक, कुनो नेशनल पार्क का चीता प्रोजे ट, पीएम कौशल विकास योजना के तहत पीवीटीजी स्किलिंग सेंटर, 17वें प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन, वंदे भारत ट्रेनों की सौगात, सिकल एनीमिया सेल कार्यक्रम की शुरूआत, सागर में संत रविदास मंदिर, बीना रिफाइनरी में नया पेट्रोकेमिकल कांपले स तथा जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के भव्य स्मारक की स्थापना जैसी सौगातों दी हैं, जो आने वाले सालों में प्रदेश की तस्वीर बदल देंगी।

**इसलिए भी प्रधानमंत्री जी का लाडला है मध्यप्रदेश**

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री श्री मोदी जी जानते हैं कि मध्यप्रदेश के दिल में ` या है? उसी तरह मध्यप्रदेश की जनता और सरकार भी यह समझती हैं कि प्रधानमंत्री जी की उनसे` या अपेक्षाएं हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री जी की इन अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए लगातार परिश्रम कर रही है। यही वजह है कि मध्यप्रदेश स्वच्छ भारत अभियान में नंबर-1 पर पहुंच गया है, जिस पर प्रधानमंत्री जी का खासा जोर है। इनके अलावा प्रधानमंत्री जी अपनी जिन योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन बदलने के अभियान में जुटे हैं, उन आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल अभियानों में भी मध्यप्रदेश बढ़-चढ़कर योगदान दे रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की हर बात को प्रदेश के लोग कितनी गंभीरता से लेते हैं, यह कोरोना संकट के समय स्पष्ट हो गया था, जब प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए थे।

